Preventing of pass holders for flight at Nasik Air-port

4278. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minisier of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that on April 23, 1988 Boarding pass holders for Indian Airlines flight IC-143 to Nasik were prevented from Boarding the flight at Bombay Airport there after the Security check;

(b) if So, what are the reasons for which they were off-loaded at the last moment; and

(c) what steps Indian Airlines has taken to prevent recurrence of such incidents?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM {SHRI SHWRAJ PATIL): (a) Yes, Sir.

(b) Indian Airlines flight IC-143 of 23-4-1988 on Bombay-Nasik sector was over-booked with 47 passengers against the available capacity of 44 passengers which was previously resoried to on flights keeping in view the last minute cancellations and no-show,

(c) Departmental enquiry has been initiated to investigate the matter. Planned over-booking on IA flights has since been discontinued from May, 1988

बच्चों को केन्द्रीय सर्वजनीन प्राथमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत शिक्षा दिया जाना

4279. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेश यादव :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार के अनुमान के अनुसार 1995 तक छः से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या लगभग आठ करोड़ हो जाने की संभावना है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय सर्वजनीन प्राथमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत ऐसे सभी बच्चों को शिक्षा दिये जाने की आवश्यकता है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने राज्य सरकारों को इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समयबद्ध कार्यक्रम बनाने के लिय कहा है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० साही) : (क) मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 1985 तक 6–14 आयु वर्ग के बच्चों की अनुमानित जनसंख्या 16.03 करोड़ होगी।

(ख) से (घ) राष्ट्रीय शिक्षा वृति 1986 का लक्ष्य वर्ष 1995 तक 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क तथा अनिवर्य शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करना है । जैसे कि नीति दस्तावेज में इस बात की वकालत की गयी है, स्कूल में बच्चों के अवरोधन को सुनिश्चित करने के लिए सूक्ष्म आयोजन के आधार पर सावधानीपूर्वक तैयार की गयी नीतियों को स्वीकार करने तथा प्रारंभिक शिक्षा को सवसुलभ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्यों को सलाह दी गयी है । तदनुसार, (i) "आपरेशन ब्लैकबोर्ड" के जरिए प्राइमरी स्कूलों के आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने (ii) स्कूल बीच में छोड़ जाने वाले बच्चों, बिना स्कूलों वाली बस्तियों के बच्चे और लड़कियों को जो पूरे दिन स्कूलों में उपस्थित नहीं हो सकती तथा काम करने वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए गैर औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम को सुदृढ़ तथा पुनःगठित करने (iii) शिक्षक की क्षमता बढ़ाने तथा शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए शिक्षक शिक्षा सहित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को पुनः गठित और उनकी पुनःसंरचना के लिए केन्द्रीय सहायता प्राप्त योजनाएं प्रारंभ की गयी ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुसार स्कूलों में सभी कक्षाओं के लिए

नई पाठ्य पुस्तकें रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा समयबद्ध तरीके से तैयार की जा रही है तथा राज्य सरकारों से इसका अनुसरण करने की आशा है । विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रम जैसे छात्राओं के लिए निःशुल्क वर्दी मुहैया करना, मुफ्त मध्याह्न भोजन, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें तथा उपस्थित छात्र-वृत्तियों राज्य क्षेत्र में राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे हैं ।

मौलवी लियाकत अली से संबंधित वस्तुओं की प्रदर्शनी

4280. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या मानव संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद संग्रहालय में ईस्ट इंडिया कम्पनी के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और देश-भक्त मौलवी लियाकत अली से संबंधित वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाता है ; और

(ख) यदि हां,तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० साही) : (क) और (ख) इलाहाबाद संग्रहालय, जो संस्कृति विभाग द्वारा अधिकांशतः वित्त पोषित निकाय है ने सूचित किया है कि संग्रहालय में मौलवी लियाकत अली से सम्बन्धित निम्नलिखित दो वस्तुएं हैं :—

1. कुर्ता—एक—कुर्ते पर धातु का एक गोलाकार टोकन लगा हुआ है, जिसकी सीधी ओर —जी 439 और उल्टी ओर —जी ओ एफ सी अंकित है ।

2. छोटा पायजामा—एक ।

Agreement on minimum rates by shipping thes of India, Pakistan, Bangladesh and UK

4281. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether shipping lines of India, Pakistan, Bangladesh, United Kingdom have reached an agreement on minimum rates;

(b) whether the continent conference in London has complained to the member countries that the agreement is being violated;

(c) if so, what are the details thereof; and

(d) whether Indian shipping lines arc undercutting the MRA freight and violating other terms and conditions of the agreement?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) Yes, Sir.

(b) and *(c)* Some allegations that tain of the Member Lines were underent-ting the MRA freight rates were received in the IPBC Secretarial. The Chairman of the IPBC Conference had appealed to all Member Lines of IPBC to honour the minimum rate agreement and to follow strictly the freight rates and other terms and conditions prescribed under the minimum rate agreement. All the Member Lines have since reaffirmed their support *to* the MFA.

(d) No, Sir.

कुम्भ मेले के लिये विशेष रेलगाड़ियां

4282. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार 1988–89 में इलाहाबाद में होने वाले कुम्भ मेले के दौरान कितनी विशेष रेल गाड़ियां चलाने का विचार रखती है ; और

(ख) इन रेल गाड़ियों से कितने यात्रियों द्वारा यात्रा करने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) और (ख) रेलों ने हमेशा ही इस यातायात को सुचारु रूप से ढोया है । इस वर्ष भी सिविल प्राधिकारियों से सम्पर्क कर पर्याप्त प्रबन्ध किये जायेंगे ।